इस दस्तावेज़ को अल्बर्टा स्वास्थ्य सेवाओं के संसाधन/ सामग्री की मदद से तैयार किया गया है और इसका अनुवाद तीसरे पक्ष द्वारा किया गया है।

# माता-पिता के लिए AHS स्कूल टीकाकरण कार्यक्रम का अवलोकन

21 नवंबर, 2022

## स्कूलों में किस ग्रेड में  कौन से टीके लगाए जाते हैं?

| ग्रेड | टीका | अतिरिक्त जानकारी |
|---|---|---|
| **ग्रेड 6** | हेपटाइटिस B (HBV) टीका | • ग्रेड 6 में 6 महीने के अंतराल पर 2 खुराक<br>• HBV टीका अक्सर पूछे जाने वाले सवाल<br>• HBV टीके के संबंध में और अधिक जानकारी इम्यूनाइज़ AB वेबसाइट पर मौजूद है |
| | ह्यूमन पैपिलोमावायरस (HPV-9) टीका | • ग्रेड 6 में 6 महीने के अंतराल पर 2 खुराक<br>• HPV-9 टीका अक्सर पूछे जाने वाले सवाल<br>• HPV-9 टीके के संबंध में और अधिक जानकारी इम्यूनाइज़ AB वेबसाइट पर मौजूद है |
| **ग्रेड 9** | डिप्थीरिया, टेटनस, एसेल्यूलर पर्टुसिस (dTap) टीका | • ग्रेड 9 में (बचपन में दी गई खुराकों के अलावा) 1 खुराक<br>• dTap टीका अक्सर पूछे जाने वाले सवाल<br>• dTap टीके के संबंध में और अधिक जानकारी इम्यूनाइज़ AB वेबसाइट पर मौजूद है |
| | मेनिंजोकोकल कॉन्जुगेट A, C, Y, W-135 (MenC-ACYW) टीका | • ग्रेड 9 में 1 खुराक<br>• MenC-ACYW अक्सर पूछे जाने वाले सवाल<br>• MenC-ACYW टीके के संबंध में और अधिक जानकारी इम्यूनाइज़ AB वेबसाइट पर मौजूद है |

## स्कूल टीकाकरण शिविरों की तारीख के बारे में मुझे कब पता चलेगा?

टीकाकरण शिविरों की तारीख के बारे में आपके बच्चे का स्कूल सूचित करेगा।

## स्कूल आधारित कार्यक्रम में भाग लेने के लिए मेरे बच्चे को अभिभावक  की सहमति देने की प्रक्रिया क्या है?

बच्चे को उसके स्कूल में टीका लगाए जाने से पहले अभिभावक  की सहमति ज़रूरी है। आपको अपने स्कूल से एक पैकेज मिलेगा जिसमें लगाए जाने वाले टीके की जानकारी और सहमति प्रपत्र शामिल होगा। उस सहमति प्रपत्र में आपसे आपके बच्चे की रोग दशाओं और एलर्जी सहित अतीत में उसके स्वास्थ्य से जुड़े सवाल पूछे जाएंगे। इस प्रपत्र के माध्यम से हम सुनिश्चित करते हैं कि आपके बच्चे को लगाए जाने वाले टीके से सुरक्षित रूप से उसकी प्रतिरक्षा की जा सके। आपको दिया गया प्रपत्र और अन्य सभी जानकारी अवश्य पढ़ें और प्रपत्र को पूरी तरह से भरें।

**कृपया ध्यान दें कि आपको स्कूलों में लगाए जाने वाले हर टीके के लिए नई जानकारी संबंधी पैकेज और सहमति प्रपत्र भेजा जाएगा।** टीके के लिए सहमति जताने पर आप स्वीकार करते हैं कि आपके बच्चे को उस टीके की सभी खुराकें प्राप्त होंगी। आपके बच्चे को हर टीके की सभी खुराकें लगाए जाने में 1 स्कूल वर्ष से अधिक समय लग सकता है। आपकी सहमति तब तक मान्य रहती है जब तक कि आपके बच्चे को सभी ज़रूरी खुराकें नहीं मिल जाती या जब तक कि आप अपनी सहमति वापस नहीं लेते या आपके बच्चे के स्वास्थ्य में परिवर्तन नहीं आता। यदि आपके बच्चे के स्वास्थ्य में परिवर्तन आता है या आप अपनी सहमति वापस लेना चाहते हैं, तो कृपया अपने स्कूल की जन स्वास्थ्य नर्स को कॉल कर उन्हें जानकारी दें।

## टीकाकरण के बारे में विद्यार्थियों से कौन  सी जानकारी साझा की जाती है?

वियार्थियों को लगाए जाने वाले टीकों और शरीर पर उनके प्रभाव के बारे में प्रेज़ेंटेशन दी जाती है। उन्हें टीकाकरण वाले दिन अपनाई जाने वाली प्रक्रिया के बारे में सामान्य आइडिया भी दिया जाता है और यह भी बताया जाता है कि वे किस प्रकार से तैयारी कर सकते हैं, जिसमें उनके अनुभव को बेहतर बनाने की रणनीतियां भी शामिल हैं। माता-पिता को भेजी जाने वाली जानकारी के अलावा उन्हें स्कूल को वापस क्या लौटाना है  यह  भी  बताया  जाता है। इस दौरान पूछे गए किसी भी सवाल का जवाब दिया जाता है।

## मैं अपने बच्चे के टीकाकरण की तैयारी कैसे  कर  सकता/सकती  हूँ?

1. अपने बच्चे से टीकाकरण के बारे बातचीत करें। बड़ी उम्र के बच्चों और किशोरों के मन में टीकाकरण की ज़रूरत को लेकर कई सवाल हो सकते हैं, और यही वह समय है जब उन्हें बताया जाए कि टीकाकरण उन्हें बीमार होने से बचाएगा।
2. अपने बच्चे को बताएं कि अतीत में टीकाकरण की अपॉइंटमेंट लेने में आपने किस प्रकार से मदद की थी। इस प्रकार से आप और आपका बच्चा उन रणनीतियों के बारे में निर्णय ले सकते हैं जिससे कि टीकाकरण से पहले या उसके दौरान उन्हें होने वाली किसी भी चिंता से राहत दिलाई जा सके।

3. अपने बच्चे को विचलित होने से बचाने और राहत देने के लिए उसकी मदद करें और ज़रूरी चीज़ साथ में लाएं।
4. यदि आपके बच्चे को निम्नलिखित में से कुछ भी होता है, तो स्कूल की जन स्वास्थ्य नर्स को बताएं:
    - अतीत में टीकाकरण के कारण गंभीर दुष्प्रभाव हुआ है,
    - ऐसी कोई भी रोग दशा जो कि सूचना पत्र के "किसे यह टीका नहीं लगवाना चाहिए?" अनुभाग में देखें,
    - सेवन की जाने वाली दवाई या किसी रोग दशा के कारण कमज़ोर प्रतिरक्षा प्रणाली, या
    - चिकित्सक या फार्मसिस्ट जैसे किसी अन्य प्रदाता या ट्रैवल क्लिनिक (जैसे, किसी अन्य प्रांत में) से प्राप्त इनमें से कोई एक टीका

अपने बच्चे के लिए टीकाकरण अनुभव को बेहतर बनाने के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया यहां जाएं:

- आराम का वादा | अल्बर्टा स्वास्थ्य सेवाएं
- टीकाकरण अनुभव को बेहतर बनाना:माता-पिता और देखभालकर्ताओं के लिए गाइड
- बच्चों के लिए टीकाकरण को आसान बनाने के सुझाव (albertahealthservices.ca)

## टीकाकरण के बाद मेरे बच्चे को क्या अनुभव हो सकता है?

आपके बच्चे को टीकाकरण के बाद होने वाले दुष्प्रभाव उसे लगने वाले टीके पर निर्भर करेंगे। इस जानकारी का पता लगाने के लिए, नियमित टीकाकरण कार्यक्रम में या टीकाकरण सूचना पत्र की सूची में से टीके के नाम पर क्लिक करें। जन स्वास्थ्य नर्स आपके बच्चे को टीका लग जाने के बाद कम से कम 15 मिनट अपनी निगरानी में रखेगी। इस तरह से जन स्वास्थ्य नर्स आपके बच्चे में उत्पन्न होने वाली किसी भी तात्कालिक एलर्जी को पहचान कर उसका उपचार कर पाएगी।

गंभीर दुष्प्रभाव होने की संभावना बहुत कम होती है। किसी भी गंभीर या असामान्य दुष्प्रभाव की सूचना देने के लिए 811 पर हेल्थ लिंक को कॉल करें।

## टीकाकरण के बाद मैं अपने बच्चे में दिखाई देने वाले लक्षणों को कैसे नियंत्रित कर सकता/सकती हूँ?

चाहे आपके बच्चे की उम्र कुछ भी हो, टीकाकरण के बाद उसमें आम, मामूली और अस्थायी लक्षण दिखाई देना सामान्य बात है।

इन मामूली लक्षणों को नियंत्रित करने के कुछ सुझाव इस प्रकार से हैं:

- बुखार। बुखार कम करने के लिए दवाएं मौजूद हैं (जैसे, एसिटामिनोफिन या आईब्रूफिन)। दवा के नाम या खुराक के बारे में कोई भी संदेह होने पर अपने केमिस्ट या चिकित्सक से सलाह लें। पैक पर दिए गए निर्देशों का पालन करें। यदि आपको अपने बच्चे के बुखार और टीकाकरण के बीच किसी भी संबंध को लेकर संदेह है, तो अपने बच्चे को दवा देने से पहले 811 पर हेल्थ लिंक को कॉल करें या अपने चिकित्सक या केमिस्ट से बात करें।

- सुई लगाए जाने के स्थान पर सूजन, नील या दर्द का एहसास। सुई लगाए जाने वाले स्थान पर ठंडा, गीला कपड़ा रखें। दर्द कम करने के लिए दवाएं मौजूद हैं। दवा के नाम या खुराक के बारे में कोई भी संदेह होने पर अपने केमिस्ट या चिकित्सक से सलाह लें। पैक पर दिए गए निर्देशों का पालन करें।
- 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को एस्प्रिन नहीं लेनी चाहिए। एस्प्रिन से रेय सिंड्रोम नामक दुर्लभ लेकिन गंभीर रोग होने का जोखिम बढ़ जाता है।
- थकान का एहसास, बहुत जल्दी गुस्सा आना और भूख नहीं लगना। टीकाकरण के बाद कुछ घंटों के लिए कभी-कभी बच्चे को थकान महसूस हो सकती है, जल्दी गुस्सा आ सकता है और खाना खाने की इच्छा समाप्त हो सकती है। टीकाकरण के बाद घर पर शांत माहौल में आराम करने की योजना बनाएं। ज़रूरत पड़ने पर अपने बच्चे को थाम कर गले लगाएँ, और कमरे के तापमान को आरामदायक स्तर पर अवश्य रखें - बहुत गर्मी लगने पर आपका बच्चा परेशान हो सकता है।

## मुझे और अधिक जानकारी कहां से मिल सकती है?

- माता-पिता और देखभालकर्ताओं के लिए गाइड: टीकाकरण अनुभव को बेहतर बनाना
- विद्यार्थियों के लिए: टीकाकरण अनुभव को कैसे अधिक सकारात्मक बनाया जाए
- अल्बर्टा टीकाकरण कार्यक्रम | अल्बर्टा स्वास्थ्य सेवाएं
- आराम का वादा | अल्बर्टा स्वास्थ्य सेवाएं
- अल्बर्टा में टीकाकरण | अल्बर्टा स्वास्थ्य सेवाएं

## किसी भी अन्य सवाल के जवाब के लिए मुझे किस से संपर्क करना चाहिए?

कृपया स्कूल व्यवस्थापक और/ या आपके बच्चे के स्कूल के लिए आवंटित जन स्वास्थ्य नर्स से संपर्क करें।